दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 43
मुरादाबाद
03 June 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े, पैराग्वे के राष्ट्रपति से बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। दूसरी बार पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। इसके अलावा भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग- उन्होंने कहा कि भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। हमें संतोष है कि कोरोना महामारी के दौरान हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी -पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन जून से वितरित होंगे यूपी बोर्ड के 10वीं-12वीं के अंकपत्र व प्रमाणपत्र, निर्देश जारी

राजधानी लखनऊ में तीन जून से यूपी बोर्ड के 10वीं-12वीं के अंकपत्र व प्रमाणपत्र वितरित होंगे। स्कूल-कॉलेजों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। अंकपत्र व प्रमाण-पत्र राजकीय जुबिली कॉलेज में दो दिनों तक वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा कक्षा नौ की नामावली भी आ गई है।यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के अंकपत्र व प्रमाण-पत्र के लिफाफे राजधानी लखनऊ पहुंच चुके हैं। इनका वितरण स्टेशन रोड स्थित राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में मंगलवार से शुरू होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज से हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2026 के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 के परीक्षार्थियों के कक्षा नौ की अग्रिम पंजीकरण कार्ड व नामावली और 10वीं-12वीं परीक्षा वर्ष-2025 के प्रमाण-पत्र व अंकपत्र के लिफाफे आ गए हैं। लिफाफों का वितरण तीन से चार जून तक किया जाएगा

इस संबंध में सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त व वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने यहां किसी शिक्षणेत्तर कर्मचारी को नामित करते हुए अंकपत्र व प्रमाण-पत्र के लिफाफे प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि लिफाफों का वितरण तीन जून से चार जून तक किया जाएगा।

## चंद्रशेखर की टिप्पणी पर मायावती ने किया पलटवार, कहा- बरसाती मेंढक नहीं कर सकते हैं आपका भला



चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को लखनऊ में हुए कार्यक्रम में आकाश आनंद पर टिप्पणी की थी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस पर पलटवार किया है।बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद द्वारा आकाश आनंद को लेकर कसे तंज पर पलटवार करते हुए कहा कि बसपा को कमजोर करने वाले संगठन और दल बरसाती मेंढक की तरह हैं, जो विधायक, सांसद या मंत्री क्यों ना बन जाएं, इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं है।बसपा सुप्रीमो ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि देश में बसपा ही बहुजन हित की एकमात्र आंबेडकरवादी पार्टी है। पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चाताप करने पर उन्हें वापस लेने की परंपरा है। इसी क्रम में आकाश आनंद के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक है। पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनंद डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं कांशीराम के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे। पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं है। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद का नाम लिए बिना कहा कि वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बसपा को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं, इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं है। लिहाजा लोग इनसे सावधान रहें। बता दें कि चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को कहा था कि आकाश आनंद को जनता नकार चुकी है। उन्हें मजबूरी में निकाला और रखा जा रहा है। बसपा के पास और कोई विकल्प नहीं है।आकाश आनंद पर की थी ये टिप्पणी। बसपा में आकाश आनंद की दोबारा वापसी पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि जनता उन्हें नकार चुकी है। मजबूरीवश उन्हें निकाला और लिया जा रहा है। उनके पास कोई विकल्प नहीं है। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती का मैं सम्मान करता हूं। कांशीराम और भीमराव अंबेडकर के मिशन को अब हमारी पार्टी पूरा करेगी। चंद्रशेखर ने कहा कि बाबा साहब कहते थे कि मुर्दा लोग मिशन नहीं चलाते और जिंदा मिशन को नहीं छोड़ते। कांशीराम के संदेश और मिशन को आगे बढ़ने का काम आजाद समाज पार्टी कर रही है। एमपी-एमएलए और मंत्री बनना हमारा सपना होता, तो हमारी पार्टी के प्रथम पंक्ति में बैठे लोग आज किसी पार्टी में मंत्री होते।

## रजित गुप्ता ने पूरे देश में हासिल की रैंक-1 और लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक



श्रेयस लोहिया



रजित गुप्ता

जेईई एडवांस्ड 2025 में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले कोटा के रजित गुप्ता ने बताया कि गलतियों से सीखे गए सबक ने उन्हें सफलता दिलाई।देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2025 में कोटा निवासी रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर पूरे शहर को गौरवान्वित कर दिया है। रजित, जो महावीर नगर, कोटा के रहने वाले हैं, ने 332 नंबर हासिल किए और बताया कि गलतियों से सीखने और खुशी के साथ पढ़ाई करने का मंत्र ही उनकी सफलता की कुंजी बना।जित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। मेरा की ऑफ सक्सेस है, हैप्पीनेस। हर हाल में खुश रहता हूं। अब भी मौका मिलता है तो कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता हूं। अपनी तैयारी को लेकर कॉन्फिडेंट रहता हूं। हालांकि, मैंने कभी पढ़ाई को लेकर स्ट्रिक्टली शेड्यूल फॉलो नहीं किया, क्योंकि इससे बिना मतलब प्रेशर पड़ता है। इसलिए जब मन होता था, तभी पढ़ता था लेकिन जितनी देर भी पढ़ता था, वो अच्छे से पढ़ता था। डाउट्स क्लीयर करने के बाद ही टॉपिक में आगे पढ़ता था। मेरा मुख्य ध्यान इस बात पर था कि मुझे गलतियां नहीं दोहरानी चाहिए, क्योंकि गलतियों को दूर करने पर ही आपके विषय की नींव मजबूत होती है।

लखनऊ के श्रेयस ने यूपी टॉप किया। उन्हें देश में 68वीं रैंक मिली है। बेटे के परिणाम से परिवार में खुशी का माहौल है। जेईई एडवांस के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। पिता गजेंद्र ने कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। मां विनीता लोहिया ने कहा कि बेटे का पहले भी परिणाम बेहतर था। इस बार उसे पहले से भी बड़ी सफलता मिली है। हम लोगों ने बेटे को समय से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। लेकिन, कभी उस पर दबाव नहीं बनाया।जेईई मेन में मिली थी ऑल इंडिया 6वीं रैंक श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका परसेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं। परिणाम का पूरा ब्योरा ऑफिशियल वेबसाइट jeeadv.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है। छात्र यहां से अपना परिणाम देख सकते हैं।

## डबल इंजन की भाजपा सरकार ने असम को धोखा दिया, खरगे ने केंद्र पर लगाए आरोप



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पूर्वोत्तर की बाढ़ के लिए केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वे वादा पूरा नहीं कर पाए।भारत के उत्तर पूर्वी राज्य इन दिनों बाढ़ और भारी बारिश से जूझ रहे हैं। इसके चलते उत्तर पूर्वी राज्यों में 40 के करीब लोगों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्यों में बाढ़ और भारी तबाही को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी पीएम केयर फंड के दरवाजे खोलेंगे। खरगे ने दावा किया कि पीएम केयर फंड में करोड़ों रुपये बिना ऑडिट के रखे हुए हैं। खरगे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी ने साल 2016 में असम को बाढ़ मुक्त प्रदेश बनाने का वादा किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने असम को धोखा दिया है। खरगे ने केंद्र सरकार पर लगाए वादा तोड़ने के आरोप सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में खरगे ने लिखा कि उत्तर पूर्वी राज्य भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, सिक्किम और मेघालय सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य हैं। बाढ़ और भूस्खलन के चलते लाखों लोगों प्रभावित हुए हैं। खरगे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इस मुश्किल घड़ी में लोगों की मदद करने की अपील की। खरगे ने लिखा कि %साल 2016 में भाजपा ने बाढ़ मुक्त असम बनाने का वादा किया था। 2022 में अमित शाह ने भी इस वादे को दोहराया। अब कथित स्मार्ट शहर गुवाहाटी की तस्वीरे देखकर लगता है कि मोदी जी और उनकी डबल इंजन की सरकार ने असम के साथ धोखा किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि %मोदी सरकार को सभी उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए फंड जारी करना चाहिए और खासकर असम के लिए ताकि बाढ़ के हालात से निपटा जा सके। मोदी जी पीएम केयर फंड से भी फंड आवंटित कर सकते हैं, जिसमें बिना ऑडिट के करोड़ों रुपये पड़े हैं। असम में बाढ़ से 10 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। इससे चार लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। निचले इलाकों और नदियों के तटीय इलाकों में हालात ज्यादा खराब हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी उत्तर पूर्वी राज्यों में बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के हालात पर चिंता जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि असम, अरुणाचल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश से हुई मौतों का समाचार अत्यंत दुखद है। लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। ईश्वर सभी की रक्षा करें। केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ उठानी पड़े। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करती हूं कि प्रभावित लोगों की यथासंभव मदद करें। गृह मंत्री ने राज्यों के सीएम से की बात- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर पूर्वी राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से फोन पर बात की है। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में अमित शाह ने लिखा कि मोदी सरकार उत्तर पूर्व के लोगों के साथ इस मुश्किल घड़ी में मजबूती के साथ खड़ी है। मौसम विभाग ने उत्तर पूर्वी राज्यों में 5 जून तक बारिश का अनुमान जारी किया है। कुछ इलाकों में इस दौरान भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## संपादकीय Editorial

### Land plunder in Palampur

Earlier, the land was pulled from under the feet, now the traces of the land are being crushed under the feet. The illegal purchase and sale of about 100 kanals of land under the Banuri Patwar Circle of Palampur has snatched away all the promises of the government's 'Intkaal' reform scheme. The entire machinery would not have been tainted under the supervision of the land revenue mafia gang if senior journalist Ravindra Sood had not pointed out this matter. The victims of the case are twenty families, in whose name the rights of tenancy have been tilling the land for years, but it is amazing that those who measure the land and protect the government records have hung all the honest traditions on the peg of their own court, their own advocacy and their own selfishness. If the land of Palampur can be robbed, then it is an account of the character of the entire state. If such cases are dug up, then the mafia kingpins will be found in every office, every Patwar Circle and in every intention of purchase and sale. After the recommendation of the Land Ceiling Act in Himachal, the maximum discrepancies have been born in the laboratory of the Revenue Department. In the Palampur case, the departmental investigation and collusion arrangements reach an English land owner TJ Glensal. The case even finds his daughter Rozna Sarafa in the ancestral inheritance in 1965 and she is brought alive on paper. There are many layers, deeds and faces of this crime, which are searching for the departmental Alamgir. Actually, the market value of land in Himachal is constantly increasing and also many new Jagirdars have emerged while buying and selling the land of the state. These Jagirdars are showing their dominance over water, forest and land by demonstrating their reach to the Revenue Department, administration, politics and power. Many faces have the influence of their rule in the branches set up before the land sale deals and these people are now the new satraps of Himachal. Every development proposal now has a new landlordship. No medical college is built here, rather the adjacent fields become pastures for purchase. The masterminds of the Palampur land sale may be seen in the uniform of the Revenue Department, but they are the same people who have been selling the greenery of the tea gardens earlier. They are the same people who have been selling the entire Himachal for years under new regulations. The land market in Himachal has always been hot, but the buyer here is not an ordinary person. There are many landlords in the property of Himachal. This is the development of corruption, which is being measured on the ground. We do not say that the Palampur land case is a new feeling, but there is a complaint against those silences which are not alert on such issues. After the land reform in Himachal, new 'Raja Ji' have been born. Here, despite Section 118, the fields have been halaled. After the Muzara law, the agricultural land has decreased, so this is also bringing out the duality of social character. In such a situation, when the grip of the mafia that encroaches on farms is getting stronger, the layers of the Palampur case should be exposed. If a thorough investigation is done, such disputes will be hanging on the pegs of the Revenue Department from every city to village in Himachal. We are no longer twisting the branches of farms for houses and shops, but many officers, bureaucrats, politicians and elections can be seen emerging from land deals. In a state where even the election of a Panchayat councillor is costing lakhs, the suspicious role of land deals, allotment of contracts, collusion between departments cannot be ignored. It remains to be seen that just as the Sukhu government restored the 'Intkaal' stuck for years, in the same way.

# Will the narrow lanes of law not be used to save POCSO criminals?

Out of court settlements happen due to family and social pressure, and sometimes the courts also give such a verdict that ends the case. A similar case has recently come out of the streets of the Supreme Court. Most of the cases registered under the POCSO Act die down even after reaching the court. Somewhere out of court settlements happen due to family and social pressure, and sometimes the courts also give such a verdict that ends the case. A similar case has recently come out of the streets of the Supreme Court. Supreme Court Justice Abhay S. Oak, in the last days of his tenure, gave the decision to pardon the convict of raping a minor girl. The bench of Justice Oak and Justice Ujjwal Bhuisan gave this decision using the privilege under Article 142 of the Constitution. Whereas earlier the accused was sentenced to 20 years of imprisonment by the High Court. Such decisions force us to think that if we leave aside the 'rare of the rarest' cases, child marriage is still prevalent in many parts of India, which is a crime by law. Are such "narrow lanes" becoming a way to save the criminals? This case is from West Bengal. Here a 24-year-old youth had a relationship with a minor girl in 2018, after which a case was registered under the POCSO Act. Later both of them got married and they also have a child. The court considered it an exceptional case and gave the verdict keeping in mind the situation of both the parties. A similar decision has also come out from Madhya Pradesh. Case of Madhya Pradesh High Court- A single bench of Justice Anand Pathak in Gwalior Bench had given this verdict on 15 May 2024. The court held that in view of the marriage and birth of a child between the two parties, rehabilitative justice is required, not punitive action. A case was registered against the accused under POCSO. In the case, the girl's father had lodged a missing report in 2021. The police recovered the girl from Kanpur in 2022, where the girl refused to return with her father and said that she wanted to live with the accused of her own free will. In the court too, she confirmed that she had entered into a relationship with the accused of her own free will and they are living a peaceful life together. Similarities in the cases- Both these are 'rare of the rarest' cases, in which there is a love affair and both the parties are married. But many times in society, the victim is forcibly married to the accused by putting family and social pressure on her. Such a marriage is like reliving that horrific incident every day for the victim. Is this right? In Indian society, marriage is considered sacred and a lifelong relationship. In such a situation, is it not injustice to the victim to get her married under compulsion? If the case is related to a minor girl, then it becomes even more serious. Sections of the POCSO Act and interpretation of the crime The POCSO Act, 2012 is a stringent law against sexual crimes, which gives a broad definition of child sexual abuse. Under 18 years of age, children are legally considered as children. Section 3: All types of sexual assault on children are crimes, including sexual assault, rape, criminal rape, pornography, etc. Section 4: Penetrative sexual assault on a child is considered a crime. Section 5: Sexual assault on a child is a punishable offense. Section 6: Punishment is prescribed for sexual harassment on a child. Section 9: There is a provision for trial in special courts for POCSO crimes against children. Apart from this, under Section 376 (3) of the Indian Penal Code (IPC), sexual relations with children between the ages of 16 and 18 are also considered rape. The main topic of focused debate is whether the consent of children below 18 years of age can be legally recognized or not. The POCSO Act makes it clear that the consent of a child below 18 years of age will not be considered valid. This means that even if the child agrees, having physical relations with him/her will still be a crime. This law has been made on the basis that children are not mature enough to take their own decisions and it is important to prevent their sexual exploitation.

# A glimpse of Jungle Raj, Supreme Court's comment on Bengal violence

The Supreme Court has cancelled the bail of the accused of the violence that took place after the 2021 assembly elections in Bengal. The court said that the accused tried to intimidate opposition leaders which was an attack on democracy. The CBI investigation took place due to the intervention of the judiciary. The court admitted that the allegations against the accused are conscience-shaking. The comments made by the Supreme Court while cancelling the bail of the accused of the horrific violence that took place in Bengal in May 2021, are not only to put the Mamata government in the dock but also to tell how political violence is encouraged in this state. The Supreme Court cancelled the bail of the accused saying that they tried to intimidate opposition leaders with their violent activities and this violence was an attack on democracy. The CBI investigation of this violence was possible due to the intervention of the judiciary. It is good that the CBI's opposition to the High Court's grant of bail to the accused of this violence was found justified by the Supreme Court, saying that the allegations against the accused were shocking to its conscience. This is indeed the case. As soon as the trends of the results started coming after the assembly elections in 2021 and it became clear that the Trinamool Congress was coming to power again, a mob of workers and supporters of this party attacked those who they suspected had voted for the opposition parties and especially the BJP. The houses of such people were burnt, shops were looted, women were stripped naked. Despite this terror, the Bengal Police remained a mute spectator. It did not even help those who went to it for help. The police advised them to go to a safe area. Helpless people fled to Assam to save their lives. On the terrible post-election violence, Mamata Banerjee said that till then she had not taken oath as the Chief Minister and the Election Commission should have stopped the violence. What else can this be called except making excuses. Anyway, during their rule, political violence has become common, as was once the case during the time of the left parties. The latest example of this is the gruesome violence against the Hindus of Murshidabad a few days ago on the pretext of opposing the Wakf Act. The report of the committee formed by the Calcutta High Court to investigate this violence, which came a few days ago, says that this violence was done at the behest of Trinamool Congress leaders and even at that time the police remained a silent spectator. This means that the Trinamool Congress is giving protection to the elements who terrorize political opponents and now such elements have become unbridled. After all, what did the Hindus of Murshidabad have to do with the Wakf Act? On this violence, Mamata said that the BJP and the BSF had conspired for it. It would be better if the Supreme Court also considers the solution to the jungle raj like situations in West Bengal.

# A big decision, fifth generation modern fighter planes need to be manufactured within the stipulated time

Operation Sindoor has proved that India is capable of manufacturing modern defence equipment and technology. The way our defence equipment and technology exposed the Chinese air defence along with shooting down the Turkish drone is being acknowledged by defence experts across the world. Defence Minister Rajnath Singh's announcement to manufacture fifth generation advanced fighter planes in the country and seek the help of the private sector is a decision that should have been taken much earlier. Every possible measure should be taken to ensure that this decision is taken to manufacture fifth generation modern fighter planes within the stipulated time with the joint participation of government and private companies. Therefore, more should be done because, along with the expenditure of foreign capital in purchasing them from other countries, many kinds of pressures have to be faced. Many times, there is a delay in getting the aircraft. The same situation is seen in the case of other defence materials as well. Many countries provide advanced defence equipment, but do not provide their technology or delay in providing their spare parts. It cannot be ignored that there is a delay in manufacturing adequate number of Tejas fighter planes because America is reluctant to supply engines for them. The Air Force Chief has also expressed disappointment over the delay in the manufacture of these planes. It is believed that America is delaying the supply of engines for Tejas fighter planes so that it can sell its fighter planes to India. Today, when the methods of war are changing, India will have to be able to manufacture all kinds of defense equipment domestically, because only by doing this can it become a superpower in the true sense. There is no harm in taking the help of foreign companies in the beginning, because only by doing this can advanced defense material be manufactured rapidly. Operation Sindoor has also proved that India is capable of manufacturing modern defense equipment and technology. The way our defense equipment and technology exposed the Chinese air defense along with shooting down the Turkish drone is also being accepted by defense experts from all over the world. The Brahmos missile made in collaboration with Russia and Akash based on indigenous technology have proved that our defence scientists are second to none. They need to be given full encouragement. Ever since the participation of the private sector has been increased in the manufacture of defence material, India's defence exports have increased rapidly. The way the shares of government and private sector companies have jumped after the latest decision of the Defence Ministry shows that the country was waiting to become self-reliant in the defence sector. It should also be kept in mind that companies manufacturing defence equipment also become capable of making advanced non-defence equipment with time.

# मुरादाबाद में दिल दहला देने वाली वारदात- 20 साल की युवती की चाकुओं से गोदकर हत्या, मक्के के खेत में मिला शव

मुरादाबाद के मैनाठेर क्षेत्र में सायरा की चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी गई। उसका रक्तरंजित शव मक्के के खेत में मिला। मां की शिकायत पर गांव के युवक रफी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।



एसएसपी सतपाल अंतिल ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मुरादाबाद के मैनाठेर क्षेत्र से रविवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। शनिवार शाम से लापता चल रही सायरा (20) का शव गांव के ही पास मक्का के खेत में खून से सना हुआ मिला। युवती की चाकू से गोदकर नृशंस हत्या की गई थी। पूरे शरीर पर चाकू के कई गहरे वार थे। यह वारदात इतनी खौफनाक थी कि शव की हालत देखकर ग्रामीणों की रूह कांप उठी।मौके पर पहुंची युवती की मां की चीख सुनकर गांवभर में मातम छा गया। घटना ग्राम मिलक मैनाठेर की है। यहां के निवासी आले हसन की बेटी सायरा शनिवार शाम को घर से पशुओं के लिए घास काटने जंगल की ओर गई थी। जब देर रात तक वह घर नहीं लौटी तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।रविवार सुबह करीब 11 बजे उसकी मां शफीना उसे खोजते हुए नरौदा रोड स्थित मंदिर के पास जब्बार के मक्का के खेत में पहुंची। जहां उन्होंने सायरा का खून से लथपथ शव देखा। कपड़े भी पूरी तरह खून में सने थे। इसे देख मां के होश उड़ गए और उनकी चीख-पुकार से गांव में सनसनी फैल गई।शव मिलने की खबर पर गांव के लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।एसएसपी ने लिया घटनास्थल का जायजा घटना की गंभीरता को देखते हुए मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सतपाल अंतिल खुद मौके पर पहुंचे और घटना की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और फुटेज तैयार की।हत्या का आरोप गांव के ही युवक पर, पहले भी करता था परेशान मृतका की मां शफीना ने पुलिस को दी गई तहरीर में गांव के ही युवक रफी पर हत्या का आरोप लगाया है। मां का कहना है कि रफी उनकी बेटी सायरा को लंबे समय से परेशान कर रहा था। वह उसे प्रेम जाल में फंसाना चाहता था और मना करने पर धमकी भी देता था। शफीना ने दावा किया कि रफी ने पहले भी सायरा को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने शफीना की तहरीर पर आरोपी रफी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।जांच के लिए गठित की गई तीन टीमें हत्या की जांच के लिए पुलिस ने तीन अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। इसके साथ ही एसओजी को भी जांच में लगाया गया है। एसएसपी ने बताया कि जल्द ही हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और घटना का खुलासा किया जाएगा।गांव में पसरा मातम, महिलाओं में दहशत निर्मम हत्या के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। खासकर महिलाओं और लड़कियों में डर और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# किशोर गृह के छत का ताला तोड़ा... दो बच्चे भाग निकले, अब हो रही तलाश, एक अमरोहा दूसरा दिल्ली निवासी

मुरादाबाद -मोरा की मुस्तकम स्थित एनजीओ के किशोर गृह से दो नाबालिग बच्चे भाग गए। उन्होंने जीने के दरवाजे का ताला तोड़कर छत के कंटीले तार पार किए और निर्माणाधीन मकान के रास्ते भाग निकले। बच्चों के भागने की जानकारी केयर टेकर के आने पर हुई, जिसके बाद संस्था ने पुलिस को सूचना दी। मोरा की मुस्तकम स्थित एक एनजीओ के किशोर गृह की सुरक्षा को धता बताते हुए रविवार सुबह दो बच्चे भाग निकले। सिविल लाइंस पुलिस की छानबीन से पता चला कि दोनों जीने के दरवाजे का ताला तोड़कर भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज में बच्चे भागते हुए दिख रहे हैं।पुलिस ने बच्चों समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एनजीओ के सचिव जयशंकर शर्मा कीर्ति शिक्षण संस्थान में लावारिस बच्चों को रखते हैं। इस किशोर गृह में दिल्ली के मंगोलपुरी सुलतानपुरी निवासी 12 साल के बच्चे को 18 मई लाया गया था।इसी प्रकार अमरोहा जिले के हसनपुर निवासी 15 वर्षीय किशोर को 24 अप्रैल को संभल की संस्था के कहने पर यहां रखा गया था। रविवार की सुबह करीब सात बजे दोनों बच्चे भागने के लिए जीने से ऊपर पहुंचे और गेट पर लगा ताला तोड़कर छत पर लगे कंटीले तारों को पार करते पास में निर्माणाधीन मकान से होते हुए भाग निकले। बच्चों को चाय देने के लिए केयर टेकर पहुंचे तो दोनों गायब मिले। छत के दरवाजे का ताला टूटा देखकर संस्था के लोगों को बच्चों के भागने की जानकारी हुई। इस मामले में संस्था के सचिव ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने दोनों बच्चों के फोटो सोशल मीडियो पर प्रसारित कर दिए हैं। पुलिस ने सचिव जयशंकर शर्मा की तहरीर पर दोनों बच्चे के साथ केयर टेकर रवींद्र, हाउस फादर कौशल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने संस्था में लगे कैमरों की फुटेज कब्जे में ले ली है। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि दोनों बच्चों की तलाश के प्रयास जारी हैं। जल्द ही दोनों बच्चों को ढूंढ लिया जाएगा। सामने आई केयर टेकर की लापरवाही- पुलिस की पूछताछ में पता चला कि संस्था में बच्चों की देखरेख के लिए तीन गार्ड रखे गए हैं। शनिवार को एक गार्ड नहीं आया था। सुबह ड्यूटी पर तैनात गार्ड शाम को चाबी देकर चला गया। रात में कमल सिंह नाम के गार्ड ने रविवार सुबह चार बजे तक ड्यूटी की। उसके जाने के बाद केयर टेकर रविंद्र शर्मा और हाउस फादर कौशल पर बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी थी। दोनों सुबह तक सोए हुए थे। पुलिस बच्चों को भागने में केयर टेकर की लापरवाही मान रही है। संस्था में अभी भी 18 बच्चे -जिला बाल कल्याण अधिकारी श्रद्धा ने बताया कि संस्था में अभी भी 18 बच्चे मौजूद हैं। संस्था से भागे दिल्ली के बच्चे की काउंसिलिंग की गई थी। पहले उसने झूठ बोला था कि उसके माता-पिता इस दुनिया में नहीं हैं। मां से बाल कल्याण अधिकारी ने संपर्क किया तो उसने बताया कि बच्चा चोरी करने लगा था। इसी

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्रेम में हारा प्रेमी- पेड़ से लटककर दी जान, मरने से पहले बनाई वीडियो, कहा- मेरी मौत का मैं खुद जिम्मेदार

मुरादाबाद -यूपी के संभल स्थित ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी चरण सिंह ने शनिवार की देर शाम गांव के बाहर एक पेड़ के सहारे फंदा लगाकर जान दी है। मेरी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं, मेरे परिवार को परेशान न किया जाए। कोई कानूनी कार्रवाई भी न की जाए। इसमें किसी का दोष नहीं है। यह बात 22 वर्षीय चरन सिंह ने जान देने से पहले रिकॉर्ड किए गए वीडियो में कहीं। पुलिस ने वीडियो को कब्जे में लिया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन तो जान देने के कारण को स्पष्ट नहीं कर रहे हैं लेकिन गांव में चर्चा है कि युवक एक युवती के प्रेम में निराश हो गया था। इसके चलते उसने यह कदम उठाया है। पुलिस का कहना है कि ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।यूपी के संभल स्थित ऐंचोड़ा कंबोह थाना के गांव सकतपुर निवासी चरण सिंह ने शनिवार की देर शाम गांव के बाहर एक पेड़ के सहारे फंदा लगाकर जान दी है। युवक ने जान देने से पहले अपने मोबाइल का वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू किया। इसमें वह पेड़ से फंदा बांधकर खुद लटकता दिख रहा है। 40 मिनट के इस वीडियो में चरण सिंह ने यही कहा है कि वह अपनी मौत का खुद जिम्मेदार है। इसमें किसी का दोष नहीं है। मेरे परिवार को परेशान न किया जाए। शव लटका देख ग्रामीणों ने शोर मचाया तो तमाम लोग एकत्र हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। मोबाइल में जो रिकॉर्ड वीडियो मिला है। उसको कब्जे में लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि युवक के माता-पिता की मौत हो चुकी है। बड़ा है जो मजदूरी करता है। चरण सिंह कभी कभी मजदूरी करता था। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि युवक एक युवती से प्रेम करता था।



# टमाटर पर मौसम की मार, लागत भी न निकलने से किसान लाचार, प्रित एकड़ 40 हजार का नुकसान

मुरादाबाद - मुरादाबाद जिले के टमाटर किसानों को इस बार मौसम की मार और बाजार में दाम गिरने से भारी नुकसान हो रहा है। उत्पादन पिछले साल की तुलना में आधा रह गया और भाव भी 10-12 रुपये प्रति किलो से घटकर 6-7 रुपये रह गए। किसानों को प्रति एकड़ करीब 40 हजार रुपये तक घाटा हो रहा है। मुरादाबाद जिले के टमाटर उत्पादक किसानों को इस बार मौसम की मार पड़ी। किसानों का कहना है कि टमाटर की फसल का न सिर्फ उत्पादन घटकर आधा रह गया है, बल्कि पिछले साल की तुलना में कीमत भी आधी रह गई। इससे फसल की लागत भी नहीं निकल पा रही है। इससे किसान परेशान हैं।किसानों के अनुसार पिछले वर्ष प्रति एकड़ औसतन 180 क्विंटल टमाटर का उत्पादन हुआ था और बाजार में उचित दाम भी मिले थे, लेकिन इस बार उत्पादन घट कर आधा रह गया है। यही नहीं पिछले साल किसानों को अपनी टमाटर की उपज का भाव 10 से 12 रुपये प्रति किलो तक सीजन में मिला था। इस बार छह से सात रुपये में उनका टमाटर बिक रहा है, क्योंकि इस बार बाहरी जिलों से भी भारी मात्रा में टमाटर आ रहा है। किसानों को करीब 40 हजार रुपये प्रति एकड़ का घाटा हो रहा है। किसानों का कहना है कि टमाटर की फसल जब फूल पर थी तो पछुवा हवा चल गई, जिसकी वजह से फूल झड़ गए और समय पर बारिश नहीं होने का भी असर फसल पर पड़ा। बिलारी क्षेत्र के किसान नफीस ने बताया कि पिछले साल 10 एकड़ टमाटर की फसल बोई थी। करीब 180 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन हुआ था। मुनाफा ठीक हुआ था, लिहाजा इस बार 12 एकड़ क्षेत्र में टमाटर की खेती की। करीब 80 हजार रुपये प्रति एकड़ लागत आई। फसल बेचने पर प्रति एकड़ 40 हजार रुपये ही मिले। इस बार काफी नुकसान हुआ। किसान हरपाल सिंह ने बताया कि मौसम की मार से फसल का उत्पादन आधा रह गया है। पछुवा हवा से टमाटर का फूल गिरने से फसल पर असर पड़ा। कीटों का प्रकोप भी अधिक रहा। छह एकड़ में टमाटर की फसल बोई। फसल छह रुपये से सात रुपये किलो बिक रही है। मुरादाबाद, बनारस, बलिया की मंडी के व्यापारी टमाटर ले जा रहे हैं। दो लाख रुपये से अधिक का घाटा होने का अनुमान है। अधिक समय तक एक ही फसल से लगता है कीट लंबे समय तक एक ही खेती करने वाले किसानों की फसल में कीट के प्रकोप की संभावना अधिक रहती है। किसानों को हमेशा फसल चक्र अपनाने की सलाह दी जाती है। पिछले साल की तुलना में टमाटर के कम उत्पादन की एक वजह यह भी है। इसके अलावा उत्पादन बीज, समय पर खाद, दवा आदि पर भी निर्भर करता है। - डॉ. रविंद्र, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा मंडी में मंडल के विभिन्न जिलों के अलावा बदायूं से भी टमाटर आ रहा है। टमाटर की आवक बढ़ गई है, लेकिन एक माह पहले 10 से 12 रुपये प्रति किलो तक बिकने वाला टमाटर बमुश्किल छह से सात रुपये किलो बिक रहा है। इससे किसानों को भी उचित भाव नहीं मिल पा रहा है। - प्रीतम सिंह सैनी, अध्यक्ष, फल-सब्जी विक्रेता कल्याण समिति जिले में टमाटर की खेती सबसे कम - उद्यान विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मंडल के मुरादाबाद जिले में इस बार सबसे कम 50 हेक्टेयर क्षेत्र में टमाटर की खेती हुई है। संभल में 121, अमरोहा में 142, रामपुर में 52 और बिजनौर में 85 हेक्टेयर क्षेत्र में टमाटर की खेती की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमिका से मिलने आए युवक को बंधक बनाकर कराया विवाह

भोजपुर,- कानपुर के युवक और कस्बे की युवती की फेसबुक से शुरू हुई दोस्ती कुछ ही दिनों में प्यार में बदल गई। बात आगे बढ़ी तो युवक प्रेमिका से मिलने उसके घर आने लगा। यह सिलसिला विगत दो वर्षों से चल रहा था। युवती का कहना है कि प्रेमी ने विवाह करने का झांसा देकर दो वर्षों में कई बार संबंध बनाए। शुक्रवार की रात को भी प्रेमी पहुंचा। रात बीतने के बाद युवक घर जाने को तैयार हुआ तो युवती और उसके परिजनों ने विवाह करने को कहा। युवक अगले महीने परिजनों को साथ लाकर विवाह करने की बात कहकर टालमटोल करने लगा। युवती और उसके परिजन विवाह करने की जिद पर अड़ गए। युवती के परिजनों ने युवक को बंधक बना लिया। पूरे दिन युवक को विवाह करने के लिए मनाने का दौर चला। युवक परिजनों की गैरमौजूदगी में विवाह करने को राजी नहीं हुआ। हारकर युवती ने पुलिस को बुलाकर प्रेमी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना देकर थाने आने को कहा उन्होंने साफ मना कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने को कहा तो युवक विवाह करने को राजी हो गया। रविवार सुबह प्रेमी युगल अग्नि को साक्षी मानकर विवाह के बंधन में बंध गए। उसके बाद युवक अपने परिजनों को मनाने के लिए अकेला कानपुर चला गया। ब्राह्मण जाति के युवक और सैनी जाति की युवती का विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मुरादाबाद में टोरेंट गैस की सप्लाई बंद, दो सौ से ज्यादा निर्यात फैक्टरियों में काम प्रभावित, चालक परेशान

मुरादाबाद -मुरादाबाद में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पाइपलाइन मरम्मत के कारण टोरेंट गैस लिमिटेड ने औद्योगिक गैस आपूर्ति बंद कर दी है। इससे दिल्ली रोड और अन्य क्षेत्रों की फैक्टरियों में प्लेटिंग, पाउडर कोटिंग और भट्ठियों से जुड़ा कार्य ठप हो गया है। लगभग 200 निर्यात इकाइयां प्रभावित हुई हैं। मुरादाबाद जिले में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की पाइपलाइन मरम्मत के कारण टोरेंट गैस लिमिटेड ने औद्योगिक गैस आपूर्ति दो जून की रात 11 बजे तक बंद रखी है। इसके कारण दिल्ली रोड व शहर की कई फैक्टरियों में काम प्रभावित हुआ है। प्लेटिंग, पाउडर कोटिंग व भट्ठियों से संबंधित काम ठप है।इससे ऑर्डर लेट होने की आशंका बढ़ गई है। वहीं कुछ निर्यातकों ने समय रहते गैस सिलिंडरों की व्यवस्था कर ली, क्योंकि टोरेंट ने पहले ही आपूर्ति बंद रहने की जानकारी साझा की थी। इसके बावजूद कई ऐसे उद्यमी हैं जिन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई। उनके फैक्टरियों में उत्पादों पर प्लेटिंग व पाउडर कोटिंग का काम दो जून तक बंद हो गया है।तीन जून से सप्लाई सुचारु होगी तो काम शुरू हो सकेगा। निर्यातकों का कहना है कि कंटेनर एक दिन भी लेट होता है तो माल भेजने के लिए जहाज नहीं मिल पाता। जहाज के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ता है। इस बीच ग्राहक दबाव बनाते हैं और कई बार नुकसान झेलना पड़ता है। वर्तमान में फैक्टरियों में काम का पीक सीजन चल रहा है। अमेरिका से लेकर यूरोप व खाड़ी देशों के ऑर्डर तैयार किए जा रहे हैं। अमेरिका के ऑर्डर बहुत जल्द जहाजों में लदान के लिए भेजे जाने वाले हैं। इस बीच गैस की सप्लाई बंद होने से निर्यातकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुरादाबाद में 200 से अधिक निर्यात इकाइयां प्रभावित हैं। सीएनजी वाहन चालकों को भी परेशानी- सीएनजी के फिलिंग स्टेशन बंद रहने से वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने अपने ऑटो खड़े रखे। टोरेंट गैस लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक पीके चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 26 सीएनजी स्टेशन संचालित हैं। इनमें केवल छह स्टेशन फीफी फिलिंग स्टेशन (कांठ), अजीत सिंह फिलिंग स्टेशन (चंदौसी), एसएएचपी फिलिंग स्टेशन (ठाकुरद्वारा), सुहानी फिलिंग स्टेशन (बाईपास एनएच-09), भगवती फिलिंग स्टेशन (बेलवाड़ा) और कृष्णा फिलिंग स्टेशन (छजलैट) पर ही वाहनों के लिए गैस की उपलब्धता रही। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से जिला प्रशासन को भी स्थिति से अवगत कराते हुए सहयोग मांगा गया। सोमवार रात 11 बजे से आपूर्ति बहाल हो जाएगी। इसके बाद कोई समस्या नहीं होगी। कंपनी ने पहले ही सूचना दे दी थी, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण कई फैक्टरियों में प्लेटिंग, पाउडर कोटिंग का काम रुक गया है। कई कारोबारियों को नुकसान हो सकता है। - नवेदुर्रहमान, अध्यक्ष, एमएचईए मेरी फैक्टरी में टोरेंट का कनेक्शन नहीं है, लेकिन संगठन का महासचिव होने के नाते में जानता हूं कि दिल्ली रोड पर कई फैक्टरियों में साथियों का काम प्रभावित है। ऑर्डर लेट हो सकते हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# श्री संकटमोचन हनुमान जी को अर्पित किया जायेगा चांदी का मुकुट

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। पीलीभीत बाईपास रोड स्थित महानगर टाउनशिप के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में भक्तजनों के सहयोग से विक्रम संवत 2082 ज्येष्ठ मास शुक्ल के चतुर्थ बड़े मंगल को दिनांक 03 जून, को चांदी का मुकुट अर्पित किया जायेगा। इस संबंध में मंदिर प्रांगण में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 10 अक्टूबर 2004 में कालोनी में मंदिर की स्थापना के बाद से विभिन्न विकास कार्य सम्पन्न हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरंभ में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान मूर्ति की प्राण - प्रतिष्ठा होने के बाद शिव - परिवार, मां दुर्गा, और राधा - कृष्ण की मूर्तियों की प्राण - प्रतिष्ठा की गई। समिति अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर प्रांगण में वर्ष 2021 के जनवरी माह में पुजारी जी के आवास और फरवरी में श्री राम दरबार का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। एवं 8 दिसंबर 2021 को भगवान परशुरामजी का चित्र भी धूमधाम से स्थापित किया गया। मां तुलसी चबूतरा निर्माण भी हुआ। 22 अक्टूबर 2024 को पंजाब एंड सिंध बैंक के सौजन्य से मंदिर में वाटर कूलर लगवाया गया। इसे ही अनेक मंदिर में विकास कार्य किए गए। 3जून को दोपहर तीन बजे से सुंदरकांड पाठ, सांयकाल 5-30 बजे मुकुट पूजन एवं अर्पण कार्यक्रम होंगे। तत्पश्चात आरती एवं प्रसाद - वितरण व भंडारा कार्यक्रम होंगे। प्रेसवार्ता में जी0के0 शर्मा अध्यक्ष, एमपी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयसिंह चौहान महामंत्री अजय शर्मा कोषाध्यक्ष रवींद्र वंसल उपाध्यक्ष अरविन्द चौहान सचिव विवेक सक्सेना सचिव गिरीश चंद्र उप्रेती लेखा परीक्षक राजेन्द्र गंगवार उप व्यवस्था प्रमुख सोमपाल शर्मा उप व्यवस्था प्रमुख रघुवीर शर्मा प्रमोद अग्रवाल उपाध्यक्ष एन सी शर्मा सांस्कृतिक सचिव अशोक टण्डन उप कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।



# मां बेटे की ट्रेन से कटकर हुई दर्दनाक मौत

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

फरीदपुर बरेली। तहसील क्षेत्र के गांव तरा खास निवासी एक 20 वर्षीय महिला व उसके डेढ़ वर्षीय पुत्र की द्वारकेश शुगर मिल के रेलवे फाटक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मां पुत्र की ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका पति उसे बचाने के चक्कर में बाल बाल बच गया। गांव तरा खास निवासी अंगूरी देवी पत्नी भूपेंद्र उम्र 20 वर्ष सुबह समय लगभग 10-00 अपने गांव से अपने पति भूपेंद्र डेढ़ वर्षीय पुत्र अजय को साथ लेकर फरीदपुर की तरफ आ रही थी द्वारकेश चीनी मिल के समीप रेलवे फाटक पर रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर डेढ़ वर्षीय पुत्र अजय व उसकी मां अंगूरी देवी की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई जबकि अपनी पत्नी पुत्र को बचाने के चक्कर में भूपेंद्र भी बाल बाल बच गया। वहीं मृतक अंगूरी देवी की बड़ी बहन रेखा ने उसके पति पर उसकी बहन को ट्रेन के आगे धक्का देकर मारने का आरोप लगाया है। भूपेंद्र की लगभग 3 वर्ष पूर्व करनपुर कला निवासी ओमप्रकाश की पुत्री अंगूरी देवी के साथ शादी हुई थी उसकी एक पुत्री भी थी जिसकी पहले ही मौत हो चुकी है। भूपेंद्र के माता-पिता की भी मौत हो चुकी है परिवार मैं मात्र भूपेंद्र उसकी पत्नी मृतक अंगूरी देवी व डेढ वर्ष का पुत्र अजय ही था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां बेटे के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। वही मृतक अंगूरी देवी की बड़ी बहन रेखा का आरोप है कि भूपेंद्र उसकी बहन को प्रताड़ित करता था उसी के चलते उसने उसे ट्रेन के आगे धक्का दे दिया जिससे उसकी ट्रेन से कट कर मौत हो गई और वह मौके से फरार हो गया।




प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने किया इंजन चोरी का खुलासा, दो चोर गिरफ्तार , दो फरार

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के ग्राम टिसुआ में हुई इंजन चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरी किए गए इंजन को बरामद कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस टीम ने उचसिया मोड़ से लगभग 80 मीटर की दूरी पर छानबीन के दौरान टिसुआ गांव के रहने वाले दो युवकों - नईम पुत्र फखरुद्दीन ( 21 वर्ष ) और अमन पुत्र राजू (20 वर्ष ) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से चोरी किया गया इंजन बरामद हुआ है। अभियुक्तों के खिलाफ थाना फतेहगंज पूर्वी में पहले से ही अभियोग पंजीकृत था, जिसकी धाराओं में अब धारा 317 ( 2 ) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों शिबू पुत्र खुशी मोहम्मद और आजिद पुत्र राशिद के साथ मिलकर टिसुआ गांव में रहने वाले गुड्डू के खेत से इंजन चोरी किया था। इंजन को एक मोटरसाइकिल वाली ठिलिया में रखकर बेचने की योजना थी, लेकिन रास्ते में उचसिया मोड़ के पास पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण वे इंजन समेत ठिलिया को वहीं खड़ा कर गए। उसी दौरान पुलिस को सूचना मिली और कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया गया, जबकि शिबू और आजिद मौके से फरार हो गए।



### डिजिटल मॉडल परवाह ने रचा कीर्तिमान, एक करोड़ लोगों ने सराहा

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली - मुख्यमंत्री योगी और शासन की मंशा के अनुरूप चलाया गया बरेली जोन पुलिस का परवाह अभियान जन आंदोलन बन रहा है। देश भर में करीब 100 लाख लोग अब तक इस अभियान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ चुके हैं। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक डिजिटल सड़क सुरक्षा अभियान परवाह ने रिकॉर्ड सफलता अर्जित की है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। बरेली जोन की 11 सोशल मीडिया टीम की सहभागिता से चलाए गए एक महीने के अभियान ने डिजिटल माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर नई लहर पैदा की। बरेली जोन की पुलिस ने अभियान को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया है। एक्स और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया गया। इस अभियान में बरेली जोन के सभी नौ जिले बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर के साथ दो ट्रैफिक पुलिस टीम (बरेली व मुरादाबाद) भी शामिल रहीं।




### नेपाल ए.पी.एफ. एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ एस. एस. बी की संयुक्त समन्वय बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच- प्रेमचंद जायसवाल

